मेरी मैया शेरोवाली

मेरी मैया शेरोवाली मेरी मैया भोली भाली,
तेरे नाम की घर में जो भी ज्योत जगावे है,
मेरी मैया नैया उसकी पार लगावे है

ऊंचा भवन है तेरा और ऊंची तेरी शान,
हे आधीशक्ति भवानी तेरी महिमा बड़ी महान,
दरबार तेरा इक सच्चा झूठा सारा संसार,
तेरे नाम की घर में जो भी ज्योत जगावे है,
मेरी मैया नैया उसकी पार लगावे है

दर पे जो आये सवाली तूने विपदा उसकी टाली
चरणों में शीश जुकावे वो जाए कभी न खाली,
हर मनत पूरी करती माँ खाली झोलियाँ भर्ती,
तेरे नाम की घर में जो भी ज्योत जगावे है,
मेरी मैया नैया उसकी पार लगावे है

झोला माला ले साजे माथे पे चमके सितारा,
पैरो में पायल भाजे तेरा रूप बड़ा है न्यारा,
क्या सूंदर गजब नजारा गूंजे तेरा जैकारा,
तेरे नाम की घर में जो भी ज्योत जगावे है,
मेरी मैया नैया उसकी पार लगावे है

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/12807/title/meri-maiya-sherovaali

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |